भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1221
गुरुवार, 1 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक)

रोजगार सृजन का लक्ष्य

1221. श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाण:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय स्टेट बैंक ने 2014 से 2023 के दौरान देश में सृजित नौकरियों की संख्या के संबंध में हाल ही में कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या निष्कर्ष हैं;

(ग) क्या एसबीआई के आर्थिक अनुसंधान विभाग ने 2014 से 2023 के दौरान विभिनन क्षेत्रों में सृजित हुई नौकरियों के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से संबंधित एक रिपोर्ट भी तैयार की है;

(घ) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान प्रति वर्ष सृजित नौकरियों की औसत संख्या कितनी है; और

(ड) क्या सरकार ने चालू वित्त वर्ष अर्थात 2024-25 और अगले तीन वर्षों के लिए रोजगार सृजन का कोई लक्ष्य रखा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा करंदलाजे)

(क) से (ड.): भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अनुसंधान इकोरैप, 10 जुलाई, 2024 के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दशकीय रोजगार संख्या के अनुसार 2014-2023 के दौरान भारत ने 12.5 करोड़ नौकरियां सृजित की हैं जबकि 2004-2014 के दौरान यह संख्या केवल 2.9 करोड़ थी। कृषि को छोड़कर, विनिर्माण और सेवाओं में सृजित नौकरियों की कुल संख्या 2014-2023 के दौरान 8.9 करोड़ है जबकि 2004-2014 के दौरान 6.6 करोड़ थी।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने बजट 2024-25 में 2 लाख करोड़ रुपये के केंद्रीय परिव्यय के साथ 5 वर्ष की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसरों की सुविधा के लिए 5 योजनाओं और उपायों के प्रधान मंत्री पैकेज की घोषणा की है।

*****